तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025

12 अंजोरा ख व थनौद में विधायक चंद्राकर ...


11 यज्ञ में भगवान शिव को उनका भाग नहीं दिए जाने से ...




# नपेगी गाड़ियों की स्पीड, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाया तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में वाहन चालकों की लापरवाही से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन जिले को हाईटेक सुरक्षा से लैस करने जा रहा है। इससे बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाए चारपहिया चलाने वाले तथा निर्धारित गति से अधिक गति से वाहन चलाने वालो पर निगरानी कर कार्रवाई की जा सकेगी। जिला प्रशासन चिन्हांकित स्थलों पर स्पीडगन लगाने के साथ कैमरों का भी सहारा लेगी।

कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक तथा बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में सभी अधिकारियों ने कहा कि तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक तथा नशापान कर वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दुपहिया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन की हाईटेक तैयारी




### तीन दिन मुनादी, चौथे दिन से सख्ती

इसके अलावा बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की योजना भी बनाई गई। इसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के रिहायशी ईलाकों में तीन दिनों तक मुनादी कराकर इसका समुचित प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उसके बाद चौथे दिन से बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिले के पेट्रोल पंपों में हेलमेट पहनकर पेट्रोल खरीदने के लिए आने वाले वाहन चालकों को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारियों को पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक भी आयोजित करने के निर्देश दिए।

### घायलों की मदद करने पर 5 हजार का इनाम

सड़क दुर्घटनाओं घायल लोगों को समय पर उचित उपचार नहीं मिल पाने के कारण कई लोगों की मौत हो जाती है। इसे देखते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों को प्रेरित किए जाने का निर्णय अधिकारियों द्वारा लिया गया। इसके अनुसार सड़क दुर्घटना के दौरान घायल एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को तत्काल मदद पहुँचाने वाले गुड सेमेरिटन को 5 हजार रुपये की राशि प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत करने का भी निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप

### संजारी में मड़ई 20 व कबड्डी स्पर्धा 21 को

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम संजारी में 20 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। ग्राम के मोहन निर्मलकर व केजूराम कोटपरिया ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जिर्राटोला वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उसके बाद 21 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### करहीभदर में मड़ई 21 व 22 को

**बालोद।** ग्राम करहीभदर में 21 व 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला पार्टी नाचा का कार्यक्रम रखा गया है। गोलू कौशल ने बताया कि ग्राम कन्नेवाड़ा करहीभदर में 22 जनवरी को दीप उत्सव एवं रात्रि में मेला के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा का कार्यक्रम रखा गया है।

### पर्रेगुड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता 23 को

**बालोद।** ग्राम पर्रेगुड़ा में 23 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5555 रूपये, द्वितीय 4444 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3333 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2222 रूपये, पंचम पुरस्कार 1111 रूपये रखा गया है।


### खल्लारी में मड़ई मेला 20 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम खल्लारी में 20 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू ने बताया कि मनोरंजन के लिए रात्रि में रंग सरोवर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### सहगांव मड़ई 22 को

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम सहगांव में मड़ई मेला का आयोजन 22 जनवरी को रखा गया है। उप सरपंच भूषण देवांगन ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए चंपा बसंत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच भकुर्रा की नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद के तत्वावधान में व नगरीय निकाय चुनाव के प्रभारी वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन व पूर्व बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष यशवंत जैन के सौजन्य से नगर पालिका बालोद क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले नागरिकों के लिए भिलाई के डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण किया जाना है। यह एक दिवसीय नि:शुल्क जांच शिविर 18 जनवरी को दोपहर 11 बजे से 2 तक कबीर मंदिर के पास शिकारी पारा बालोद में लगाया जाएगा। उसके बाद दोपहर 2 बजे से 5 तक गांधी भवन बुधवारी बाजार बालोद में शिविर लगाया जाएगा। वहीं, इस दिन जैन ऑप्टिकल घड़ी चौक बालोद में दिनभर नेत्र जांच की जाएगी। नागरिक तीनों में से अपनी सुविधा अनुसार कहीं पर भी जाकर अपने नेत्र की जांच नि:शुल्क करा सकते हैं।

## हादसा : दुर्ग से देवरी द जाने के दौरान देवसरा राइस मिल के पास हुई दुर्घटना

# मड़ई में दुकान लगाने जा रहे व्यापारी का वाहन पलटा, दो की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम देवरी द में आयोजित मड़ई में अपनी मिठाई दुकान लगाने जा रहे दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिठाई सहित दुकान का अन्य सामान लेकर जा रहा उनका पिकप वाहन देवसरा राईस मिल के पास पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी, कि दो लोग अजय गुप्ता व राकेश की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। वाहन में सामान के साथ कामगार भी बैठे हुए थे।

■ वाहन में व्यापारी सहित 6 लोग थे सवार

मिली जानकारी के अनुसार 17 जनवरी को आयोजित ग्राम देवरी द की मड़ई में अपनी मिष्ठान दुकान लगाने के लिए दुर्ग के व्यापारी वाहन क्रमांक सीजी 07 सी 9532 में सवार होकर निकले थे। वाहन में कुल 6 लोग सवार थे। इसी दौरान वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण सुबह 6:30 बजे देवसरा राईस मिल के पास पलट गया। इससे वाहन में सवार 6 लोगों में से दो की मौके पर ही मौत को गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को आस पास के लोगों ने एंबुलेंस 108 के माध्यम से अस्पताल अर्जुन्दा पहुंचाया।







### रास्ते में दूर तक बिखर गया सामान

गाड़ी में मिष्ठान भण्डार के लिए रखे सामान के साथ ही कामगारों द्वारा ठंड से बचने के लिए रखे रजाई व कपड़े के साथ अन्य सामान रास्ते पर दूर तक बिखर गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय गुप्ता व एक अन्य दुर्ग के ही निवासी थे, जबकि घायल 4 लोग उत्तर प्रदेश और बिहार निवासी हैं, जो काम करने के लिए छत्तीसगढ़ आए हैं और दुर्ग में रहकर रोजी-मजदूरी करते हैं।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस ने मांगों और सुझावों को लेकर सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्थानांतरित संगठन छत्तीसगढ़ व्याख्याता एलबी एवं समस्त संगठन प्रांत अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संभाग उपाध्यक्ष रायपुर लाल बहादुर ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री व उनके विभाग के सेक्रेटरी के नाम 15 बिंदु में ज्ञापन सौंपा।

लाल बहादुर ने कहा कि वरिष्ठता मामले में पदोन्नति के लिए 27000 स्थानांतरित का पंचायत विभाग के सेवा को शिथिल कर 1998, 2005 व 2008 से पदस्थ अनुभवी शिक्षक संवर्ग जो वर्तमान नियम से बिना पदोन्नति के रिटायर हो जाएंगे, पदोन्नति से वंचित हैं, अनुभवी शिक्षक एलबी संवर्ग का प्रथम नियुक्ति से पदोन्नति हेतु सिविल सेवा नियम प्रावधान कर व्याख्याता व प्राचार्य में पदोन्नति करने, छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारी के अनुसार 3 प्रतिशत देने, प्रथम 10 वर्ष, 20 वर्ष और 30 वर्ष सेवा अवधि उपरांत प्रथम नियुक्ति से सेवा अवधि की गणना करते प्रथम द्वितीय व तृतीय क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान लाभ देने, सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर करने, राज्य सरकार द्वारा अप्रशिक्षित को विभागीय प्रशिक्षण का लाभ देते है, जिससे अप्रशिक्षित कर्मचारियों की वेतन के साथ ही राज्य की प्रशिक्षण में राशि व्यय होती है, जबकि प्रशिक्षित स्कूल में पूरे अवधि में सेवा देते हैं।

इसलिए स्वयं के व्यय से प्रशिक्षित को भी 2 वेतन वृद्धि का लाभ देने का प्रावधान किया जाए। प्रथम नियुक्ति से लाभ दिया जाए, दिवंगत शिक्षक के परिवार के सदस्य को नियम में शिथिल प्रदान करते नियुक्ति लाभ दिया जाए, गोपनीयता भंग ना हो बोर्ड प्रायोगिक अंक प्रविष्टि हेतु बाह्य व आंतरिक परीक्षक को यूजर आईडी व पासवर्ड प्राचार्य द्वारा आंतरिक परीक्षक को उपलब्ध हो व 10वी 12वी बोर्ड पेपर मूल्यांकन परिश्रमिक राशि भुगतान 3 माह के अंदर अनिवार्यता हो, गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को पूर्णतः पृथक रखा जाए, जिससे अध्यापन व गुणवत्ता प्रभावित न हो। हाई स्कूल ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जमीन विवाद पर मारपीट 3 के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम पचेड़ा में जमीन विवाद को लेकर 6 लोगों के बीच मारपीट हो गई। मामले में 3 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

ग्राम पचेड़ा सेठपारा निवासी करूणा पटेल ने बताया कि मेरी लड़की पूजा पटेल शादी होकर गांव में गई है। परिवार में पति किसुन राम अपने भाईयों से हिस्सा बंटवारा लेकर अलग-अलग खेती किसानी का काम करते हैं। मेरे घर में कोई लड़का नहीं होने पर मेरे दामाद गंगाराम घर में आकर खेती किसानी की देखरेख करते हैं। इसी बात को लेकर मेरे देवर कोमल पटेल एवं उनका लड़का चंद्रकांत पटेल व ओमनारायण पटेल तीनों हम लोगों से वाद विवाद करते रहते हैं। गुरुवार को रात 9 बजे अपने घर के सामने अपने दामाद व लड़की के साथ खड़ी थी। इसी दौरान देवर बेटा चंद्रकांत मेरे दामाद से खेत बोवाई के संबंध में गाली गलौज की। गाली-गलौज करने से मना करने पर चंद्रकांत ने मेरे दामाद की पिटाई करना शुरू कर दिया। इस पर मैने बीच-बचाव किया। इसी दौरान आवाज को सुनकर मेरे देवर कोमलसिंह व उनका छोटा लड़का ओम नारायण भी आ गए और तीनों ने मुझसे मारपीट की, जिससे मैं जमीन पर गिर गई। वहीं, मुझे उठाने आई और बीच-बचाव करने आई मेरी छोटी बेटी खुमेश्वरी के साथ भी तीनों ने मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर डौंडी थाने में शुक्रवार को तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

■ डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पचेड़ा की घटना

# जिले में शिशु संरक्षण माह 21 से, बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी के निर्देशन में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक मनाया जाएगा। शिशु संरक्षण माह के दौरान बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी। विटामिन ए की खुराक जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध होगी।

शिशु संरक्षण माह के दौरान सत्र का आयोजन मंगलवार और शुक्रवार को किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले अभियान को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच ग्रामीण व शहरी क्षेत्रें में बच्चों को विटामिन ए सिरप, आयरन सिरप, बच्चों का वजन तथा आंगनबाड़ी स्थित सत्रें में संपूरक पोषण आहार की सेवाओं का हितग्राहियों की पात्रता और पोषक तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराना है तथा अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में पोषण आहार की प्रदायगी समेत संक्रमण के उपचार के लिए तत्काल व्यवस्था किया जाना है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि जिले में 1994 टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जायेगा। इसमें जिले में 9 माह से 5 वर्ष के कुल लक्षित 75268 बच्चों को विटामिन ए एवं 6 माह से 5 वर्श के कुल लक्षित 79696 बच्चों को आयरन सिरप की दवा एक एमएल सप्ताह में दो बार दी जायेगी। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों से समन्वय कर इस अभियान को सफल बनाया जा रहा है। ग्राम स्वास्थ्य व शहरी स्वास्थ्य पोशण दिवस पर ग्राम और शहरी स्तर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, क्षेत्र की मितानिन, महिला समिति, ग्राम पंचायत, गैर शासकीय संस्थाओं का सहयोग आवश्यकतानुसार लिया जायेगा।

■ मंगलवार और शुक्रवार को किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन

# महाकुंभ जाने वाले बालोद के लोगों को आने का टिकट विधायक रिकेश देंगे



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद के नेतृत्व में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बालोद शहरवासियों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। रिकेश सेन ने कहा है कि बालोद शहर से कोई भी नागरिक यदि महाकुंभ जाना चाहता है, तो उनके आने का टिकट वे स्वयं देंगे। भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने बताया कि वैशाली नगर विधायक श्री सेन ने बालोद की जनता के लिए दो बड़ी घोषणाएं की हैं। एक तो निःशुल्क नेत्र जांच शिविर और चश्मा वितरण करने का निर्णय लिया गया है, जिसकी शुरूआत आज 18 जनवरी से होगी। साथ ही महाकुंभ जाने वाले बालोद शहर के नागरिक को आने का टिकट विधायक रिकेश सेन द्वारा दिया जाएगा।

### कन्नेवाड़ा में स्वामी आत्माराम कुंभज हॉकी टूर्नामेंट आज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ हॉकी फेडरेशन से मान्यता प्राप्त हॉकी संघ जिला बालोद द्वारा स्वामी आत्माराम कुंभज हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 18 जनवरी को सेजेस स्कूल मैदान कन्नेवाड़ा करहीभदर में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा रहेंगे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख करेंगे।

## वधू को श्रृंगार सामग्री, चांदी का मंगलसूत्र व बिछिया सहित दिया गया 35 हजार का चेक

# कोलिहापुरी में हुआ सामूहिक विवाह, परिणय सूत्र में बंधे 52 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम कोलिहापुरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 52 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शासन की बहुआयामी योजना है, जिसके माध्यम से समाज में कन्या का विवाह को अनुकरणीय स्तर पर स्थापित करना है।





विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा और आडंबरों पर रोक लगाने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल उपस्थित हुए। अध्यक्षता विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने की। विशेष अतिथियों जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, योगिता चंद्राकर, माया बेलचंदन, सभापति महिला एवं बाल विकास हीरामणि देशमुख, जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा आदि उपस्थित हुए। सांसद विजय बघेल द्वारा वर वधु को आशीर्वाद देते हुए नव विवाहित दंपतियों को शासन द्वारा प्रदाय 35 हजार का चेक दिया गया और इस राशि का सही उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु शपथ दिलाई गईं। कन्या विवाह से लाभान्वित सभी जोड़ों के परिजनों ने हर्षपूर्वक वैवाहिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी संपन्न की। विवाह संपूर्ण वैदिक रीति रिवाज एवं अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हुआ। वर-वधु के लिए शादी का जोड़ा, श्रृंगार सामग्री, चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया, घड़ी, सूटकेस और 35000 का चेक प्रदान किया गया। विवाह उपरांत सभी जोड़ों को प्रमाणपत्र दिया गया। सभी जोड़ो ने सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी ली और शासन को धन्यवाद दिया। कन्या विवाह में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना की। आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी ऊषा झा द्वारा किया गया। इस मौके पर पर्यवेक्षक देवकी साहू, रेखा लोनारे, इंदु मिश्रा, प्रमिला वर्मा, शशि रैदास, ममता साहू, सोनल सोनी, कंचन गौतम, गीताजंली, तृप्ति, सभी कार्यकर्ताएं एवं बड़ी संख्या में कोलिहापुरी के ग्रामीण उपस्थित थे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### अनुपम गार्डन में हास्य योग शिविर आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हास्य योग महासंघ के तत्वावधान में हास्य योग गुरु के मुख्य आतिथ्य में हास्य योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारत हास्य योग केंद्र दिल्ली द्वारा देशभर के 19 राज्यों में हास्य योग की कक्षाएं निशुल्क संचालित हो रही हैं, जहां प्रत्येक राज्य में औसतन दस–दस केंद्र संचालित हैं। स्वतंत्र हास्य योग महासंघ केंद्र के संरक्षक राजू शर्मा के मार्गदर्शन में रायपुर के 9 हास्य योग केंद्र विभिन्न वार्डों में स्थापित हैं, जहां पृथक–पृथक संचालकों की नियुक्ति कर विधिवत कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। 18 जनवरी को प्रातः 5 बजे से हास्य योग शिविर शुरू होगा, जिसमें निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में 19 जनवरी को प्रातः 9 बजे से हास्य योग से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अग्रसेन भवन उदया सोसायटी टाटीबंध में रखा गया है। यह समस्त आयोजन जितेन कोही अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु भारत हास्य योग केंद्र दिल्ली, विपिन गुप्ता उपाध्यक्ष भारत योग केंद्र और अंजली गुप्ता मीडिया सचिव दिल्ली के मार्गदर्शन में किया जाना है।

### संजय बने नगर पंचायत कूंरा के पर्यवेक्षक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनजर नगर पंचायत कूंरा के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह ठाकुर को पर्यवेक्षक बनाया है। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक जिला व ब्लॉक कमेटियों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल क्षेत्र का दौरा कर कांग्रेसजनों की बैठक लेंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि सभी से बात कर शीघ्र ही बैठक करेंगे तथा जरूरत अनुसार दावेदारों से अलग-अलग मुलाकात के बाद परीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपेंगे।

### डेढ़ करोड़ से अधिक धनराशि से बनेगा जोरा का पक्का बाजार

**रायपुर।** डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक धनराशि से जोरा का पक्का बाजार बनाया जाएगा। वर्तमान में पक्का बाजार बनाने के लिए श्री साईं दर्शन आवासीय समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी साईंनगर जोरा के नेतृत्व में सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर अपील की गई, जिस पर सांसद ने सहमति जताते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा था। डेढ़ करोड़ की धनराशि के प्रस्ताव पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### आठवां वेतन आयोग गठित प्रधानमंत्री का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रधानमंत्री को 8वें वेतन आयोग की मंजूरी देने के लिए धन्यवाद प्रेषित करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# नैक टीम ने कहा था- छात्रों के विकास पर ध्यान नहीं, इधर.. 25 वर्षों में दूसरी बार छात्रसंघ 'अघोषित शून्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

महाविद्यालयों में इस बार किसी भी छात्र को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिलेगा। छात्रसंघ चुनाव नहीं किए जाने संबंधित फैसले के बाद यह तो सत्र के प्रारंभ से ही स्पष्ट था कि किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध छात्रों को नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। उम्मीद की जा रही थी कि मेधावी छात्रों को प्रतिनिधित्व का मौका उनके मेरिट आधार पर मिलेगा, लेकिन यह भी संभव नहीं हो सका है। सत्र के प्रारंभ में जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, सितंबर अंत तक छात्रसंघ का गठन हो जाना चाहिए था। उच्च शिक्षा विभाग ने मनोनयन के लिए विश्वविद्यालयों को आदेश ही जारी नहीं किया। इस कारण विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालयों को भी निर्देशित नहीं किया जा सका। नैक टीम द्वारा बीते दिनों छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड प्रदान किया गया था। बीते सत्र में पं.रविशंकर शुक्ल विवि को भी नई ग्रेडिंग मिली थी और वो ए से बी ग्रेड में आ गया था। कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों की भी ग्रेडिंग बीते दो वर्षों में की गई है। इनमें से किसी को भी ए ग्रेड नहीं मिल सका। नैक टीम ने अपनी समीक्षा में कई बिंदुओं पर कार्य किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इनमें से एक छात्र हित और उनके विकास के लिए कार्य भी शामिल थे। इसके बाद भी छात्रहित और व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी माने जाने वाले छात्रसंघ गठन पर उच्च शिक्षा विभाग का रवैया उदासीन है।

## चुनाव दूर की बात, इस बार मनोनयन के लिए भी आदेश नहीं

### इसलिए स्वतः मनोनयन नहीं करते महाविद्यालय

राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार नहीं है जब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसे लेकर उदासीनता बरती गई हो। इसके पूर्व शैक्षणिक सत्र 2021-22 में भी मनोनयन संबंधित आदेश जारी नहीं हुआ था। तब महाविद्यालयों ने स्वतः ही मेरिट आधार पर पुराने नियमों के अनुसार छात्रसंघ गठन कर दिया था। बाद में उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रसंघ गठन शून्य करने आदेश जारी कर दिया था। उस वक्त भी विभाग की किरकिरी हुई थी और कई स्तर पर इस फैसले की आलोचना हुई थी। मेधावी छात्रों को पद प्रदान करके उनसे इसे छीन लिया गया था। मौजूदा सत्र में भी छात्रसंघ अघोषित रूप से शून्य है।

### आदेश का इंतजार

*छात्रसंघ गठन अथवा मनोनयन संबंधित आदेश शासन-प्रशासन से निर्देश जारी होने पश्चात ही महाविद्यालयों के लिए जारी किए जाते हैं। विवि स्वतः इस संदर्भ में आदेश जारी करने स्वतंत्र नहीं है।*

*- प्रो.राजीव चौधरी, मीडिया प्रभारी, रविवि*

### 2021 में भी यह स्थिति

*इसके पूर्व 2021-22 में भी यह स्थिति निर्मित हुई थी। हमने आदेश के बगैर ही छात्रसंघ पदाधिकारियों का मनोनयन कर दिया था। जिसे बाद में शून्य करने का आदेश उच्च शिक्षा विभाग ने दिया था। इस कारण बगैर आदेश हम मनोनयन नहीं करते।*

*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन*

### शिक्षा के प्रति उदासीन रवैया

*छात्रसंघ शून्य की स्थिति बीजेपी सरकार के शिक्षा के प्रति उदासीन रवैये को दर्शाती है। सरकार को इस मुद्दे पर जवाबदेह बनना चाहिए और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए।*

*- शांतनु झा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष*

### योग्य व्यक्ति नहीं

*छात्रहित संबंधित मुद्दों पर सरकार निष्क्रिय हो गई है। योग्य व्यक्ति प्रशासन में नहीं हैं। इसका खामियाजा हम विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।*

*- प्रथम फुटाने, नगर महामंत्री, एबीवीपी*

## भारत सरकार ने रायपुर निगम को किया शामिल, 21 को एक्सपर्ट टीम देगी प्रेजेंटेशन

# मेट्रो सिटी की तर्ज पर पानी निकासी के लिए इंटीग्रेटेड ड्रेन सिस्टम, 220 करोड़ का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव




निगम ने राज्य बनने के बाद लोगों की सुविधा के लिए कई तरह के नए प्रयोग किए। इसके चलते स्मार्ट सिटी की दौड़ का हिस्सा बना। इससे कई तरह के निर्माण भी हुए, जिसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अब एक नई व्यवस्था जुड़ने वाली है। शहर के पानी निकासी के लिए इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट तैयार हुआ है। इसका प्रेजेंटेशन देने के लिए भारत सरकार ने सहमति दी है। 21 जनवरी को 220 करोड़ के प्रोजेक्ट को किस तरह से लागू करेंगे, इसका एक्सपर्ट प्रेजेंटेशन देंगे।

रायपुर को मेट्रो सिटी की तर्ज पर सुविधा देने की कवायद अब 70 वार्डों में होगी। सूत्रों ने बताया निगम सीमा में पानी निकासी का सिस्टम बेहतर करने के लिए डिप्टी सीएम अरुण साव ने निगम की तकनीकी टीम को प्लान तैयार करने निर्देश दिया था। इसके तहत पानी निकासी के चलते होने वाली अव्यवस्था को दुरुस्त की जाएगी। जहां या जिस क्षेत्र में पानी जाम की स्थिति है, उसे दुरुस्त करते हुए निकासी की बेहतरी के लिए प्लान तैयार किया है। इसका प्रेजेंटेशन भारत सरकार की तकनीकी टीम के सामने देने के लिए रायपुर निगम की एक्सपर्ट टीम जाएगी। एक्सपर्ट शहर की वर्तमान पानी निकासी के साथ ही इससे किस तरह के हालात किस-किस क्षेत्र में बनते हैं, उसे दिखाने के साथ ही इस समस्या का स्थाई समाधान करने इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट के लिए तैयार किया गया प्लान दिखाएंगे।

**प्रेजेंटेशन देने जाएंगे एक्सपर्ट**

देश के 9 शहरों में रायपुर भी इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट के लिए चयनित किया गया है। इसे शहर में लागू करने के लिए तकनीकी टीम द्वारा तैयार किए गए प्लान का प्रेजेंटेशन 21 जनवरी को भारत सरकार की तकनीकी टीम के सामने दिया जाएगा।

**- अविनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### मिलेगा 220 करोड़ का प्रोजेक्ट

*बताया जाता है कि भारत सरकार ने इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए देश के नौ निगमों को शामिल किया है। इसमें पहले फेज में जिन तीन निगम सीमा की पानी निकासी को इंटीग्रेटेड ड्रिन सिस्टम से जोड़ने की कवायद करने वाला है, उसमें रायपुर निगम भी शामिल है। अगर तकनीकी टीम द्वारा तैयार किए गए प्लान को मंजूरी मिलेगी, तो शहर में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए भारत सरकार से 220 करोड़ के प्रोजेक्ट की मंजूरी मिलेगी। इससे शहर की 15 लाख से ज्यादा आबादी को बड़ी राहत मिलेगी।*

### कॉलोनियों और बस्तियों का पानी..

*सूत्रों ने बताया कि इंटीग्रेटेड ड्रिन प्रोजेक्ट के तहत काम होने से आने वाले कुछ सालों में कॉलोनियों और निचली बस्तियों में होने वाले जलभराव को खत्म किया जा सकेगा। इसके साथ ही पानी को एकीकृत भी किया जाएगा। कुल मिलाकर जिस तरह से दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में पानी जाम की समस्या कुछ घंटे में ही खत्म हो जाती है, कुछ इसी तरह का सिस्टम रायपुर के वार्डों में भी लागू होने वाला है। इससे समता, चौबे कॉलोनी सहित जिन बस्तियों, बाजारों, मुख्य मार्गों पर बारिश के दिनों में पानी जाम होता है, उनको प्लान में शामिल करेंगे।*

# 10 पैसेंजर ट्रेनें रद्द, एक्सप्रेस में यात्रियों की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगातार पैसेंजर ट्रेन रद्द होने से दैनिक यात्रियों को बड़ी दिक्कत हो रही है। पैसेंजर के रद्द होने का असर एक्सप्रेस ट्रेनों में दिखाई देने लगा है।

इस महीने 40 से अधिक पैसेंजर ट्रेनें रद्द हो चुकी हैं। बुधवार को नागपुर रेल मंडल के गोंदिया-गंगाझरी स्टेशनों के बीच गर्डर की लांचिंग का कार्य बताकर रेलवे ने फिर से 11 ट्रेनों को 17 से 22 जनवरी के बीच रद्द कर दिया, जिसमें इतवारी, बालाघाट, गोंदिया और डोंगरगढ़ जाने वाली ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

## ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 68741 दुर्ग- गोंदिया पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68742 गोंदिया दुर्ग पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68743 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - गोंदिया -पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68711 डोंगरगढ़ गोंदिया मेमू पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68712 गोंदिया डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68713 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - गोंदिया -पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68715 बालाघाट- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -पैसेंजर दिनांक 18 एवं 22 जनवरी को रद्द रहेगी
- शिवनाथ एक्सप्रेस को 17 जनवरी 2025 को 30 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा
- 18 जनवरी 2025 को 15 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा
- इतवारी एक्सप्रेस को 21 जनवरी 2025 को 1 घंटा 30 मिनट नियंत्रित करते हुए चलाया जाएगा
- 21 जनवरी 2025 को 01 घंटा 15 मिनट नियंत्रित करते हुए चलाया जाएगा
- 68719 बिलासपुर रायपुर मेमू पैसेंजर 17 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68727 बिलासपुर रायपुर मेमू पैसेंजर दिनांक 17 जनवरी को रद्द रहेगी
- 58201 बिलासपुर रायपुर पैसेंजर दिनांक 18 जनवरी को रद्द रहेगी
- 58207 रायपुर जूनागढ़ रोड पैसेंजर दिनांक 18 जनवरी रद्द रहेगी
- 58208 जूनागढ़ रोड रायपुर पैसेंजर दिनांक 19 जनवरी को रद्द रहेगी
- 58280 रायपुर - कोरबा पैसेंजर दिनांक 19 जनवरी को रद्द रहेगी
- 68861/68862 गोंदिया- झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी

# भगवान महावीर ने भक्त को भगवान बनने की राह दिखाई : दर्शन प्रभा श्री जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



दुर्ग की सफलतम चातुर्मास के बाद विहार करते हुए भखारा सेमरा रानीतराई जैन श्री संघों को धर्म पथ पर चलकर जीवन को सार्थक बनाने की प्रभावी प्रेरणा देते हुए मनोहर कीर्ति शिशु जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी मसा, ज्ञानप्रभा श्री जी मसा, चारित्र प्रभा श्री जी मसा शुक्रवार को रानीतराई से विहार कर करेला रात्रि विश्राम पश्चात शनिवार जामगांव आर की पावन धरा में पधारेंगे। जैन भवन जामगांव आर में 9 बजे प्रवचन की संभावना है। जैन श्री संघ जामगांव आर के सदस्यों ने रानीतराई में प्रवचन लाभ लिया। जामगांव आर जैन श्री संघ के सदस्य सुरेश चंद्रकैलाश, ममता मनीशबैद, प्रेमचंद चौरड़िया, रानीतराई जैन, श्री संघ सदस्य यशवंत आकाश, आशीष, धीरज, रायसोनी परिवाई, सेमरा जैन श्री संघ से विकास जैन परिवार ने प्रवचन लाभ लिया। जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी ने श्रावक श्राविकाओं का मार्ग दर्शन करते हुए ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित किए और दुर्लभ मानव जीवन में चारित्र की महिमा पर प्रकाश डाले। साध्वी ने कहा कि भगवान महावीर ने भक्तों को भगवान बनने की राह दिखाई। भक्त भगवान के बताए मार्ग पर चले राग द्वेष से परे जीवन जीने की चेष्टा करते रहे। धर्म के प्रति समर्पित होकर कर्म में धर्म को समाहित करे, दुर्लभ मानव जीवन सार्थक हो जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### नपेगी गाड़ियों की स्पीड...

वाहन में सवार करने वाले यदि अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग शुरू कर दें, तो काफी हद तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। इसलिए सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लि पुख्ता उपाय सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में अधिकारियों ने सर्व सम्मिति से जिले में गुजरने वाले वाहनों की गति को नियंत्रित करने तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए चिह्ति स्थानों पर स्पीड गन भी लगाने का निर्णय लिया। **स्ट्रीट लाईट, संकेतक बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल लगाने के निर्देशः** बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित स्थानों पर आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाईट, संकेतक बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने आम नागरिकों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के उपायों की जानकारी प्रदान करने हेतु नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को ओव्हर लोडिंग पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने स्कूल बस एवं अन्य वाहनों का भी नियमित रूप से जाँच करने, शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने जिले में सड़क दुर्घटना के मृत्यु दर में कमी लाने के उपायों पर भी विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के उपाय के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी देने के लिए प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उप पुलिस अधीक्षक रैंक के एक अधिकारी की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस ...

व हायर सेकंडरी स्कूल में लैब शिक्षक नियुक्ति हेतु 12वीं गणित को प्राथमिकता देने व लैब शिक्षक को विज्ञान व्याख्याता के सहयोग हेतु व लैब कार्य संचालन हेतु जहां विषय विशेषज्ञ व्याख्याता है उस विषय के अध्यापन कार्य से पूर्णतः मुक्त करने प्रत्येक वर्ष शाला प्रारंभ से ही ध्यान देने, शिक्षकों के समान अन्य कर्मचारी के नए अवकाश नियम को पूर्व की भांति लागू करने संबंधित कर्मचारियों व संगठन से सहमति लेकर पूर्व की भांति शिक्षकों के समान कर्मचारी का नियम लागू करने ताकि शासकीय कार्य में अविलंब व असुविधा न हो, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का अवकाश संबंध में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों अवकाश स्वीकृत हो, छात्र हित में हाई स्कूल सेटअप में आंशिक सुधार करते विज्ञान में भौतिक रसायन बायो तीनो विषय वालों को नियुक्ति, पदोन्नति लाभ प्रदान करें, युक्तियुक्तकरण के संबंध में 2008 प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी– विषयवार सेटअप में बिना परिवर्तन किये युक्तियुक्तिकरण का कार्य करें साथ ही सभी शिक्षक संवर्ग के हितों को ध्यान में रखते 27000 स्थानांतरित की वरिष्ठता हेतु व पंचायत विभाग पूर्व नियम शिथिल करने व सिर्फ हाई स्कूल सेटअप में आंशिक सुधार के बाद ही व्याख्याता व प्राचार्य में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जाए, जिससे नियम में एकरुपता हो, विसंगति दूर हो सके सभी को न्याय मिले समस्त लाभ की गणना प्रथम नियुक्ति से किया जाए। ज्ञापन सौपते समय प्रतिनिधि मंडल में प्रांत अध्यक्ष लालबहादुर साहू, बीएल मंगेशकर व एके.मंडावी उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
देखे 20 जनवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### यज्ञ में भगवान शिव को उनका भाग नहीं दिए जाने से कुपित सती ने दे दी आहुति

अंडा। ग्राम डौकीडीह में स्व. कमलेश्वरी चन्द्राकर और स्व. पुष्पालता चन्द्राकर की स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पं. वेदप्रकाश पांडेय ने सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व कपिल अवतार के प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। उनके पिता का नाम महर्षि कर्दम व माता का नाम देवहूति था। शरशय्या पर पड़े हुए भीष्म पितामह के शरीर त्याग के समय वेदज्ञ व्यास आदि ऋषियों के साथ भगवान श्री कपिल मुनि जी भी वहां उपस्थित थे। भगवान कपिल मुनि जी सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं। श्री गुरू भगवान कपिल महामुनि जी भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक हैं। बताया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में भाग लेने पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव का आमंत्रण और उनका भाग न दिए जाने पर कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया।

## प्रवचन

### ग्राम बीरेतरा पोड़ी में संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा जारी

# श्री कृष्ण-सुदामा के मिलन का अद्भुत प्रसंग सुनकर भावविभोर हो गए सैकड़ों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम बीरेतरा पोड़ी में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के छठवें दिन गुरुवार को पंडित लोकेश शर्मा ने श्री कृष्ण सुदामा चरित्र का सुन्दर विस्तृत वर्णन सुनाया। कृष्ण–सुदामा की मित्रता की कथा सुन कर वहां उपस्थित सैकड़ों भक्तों को भाव विभोर हो गए। सुदामा की दयनीय दशा और भगवान में निष्ठा के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। इस अवसर पर महिलाएं अपने-अपने घरों से चावल की पोटली लेकर भागवत स्थल में पहुंची थीं। सुदामा कथा के दौरान महिलाओं ने चावल की पोटली को सुदामा भेंट की। पंडित लोकेश शर्मा ने श्री कृष्ण-सुदामा चरित्र का विस्तृत वर्णन सुनाया। लोकेश शर्मा ने कहा कि भागवत सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं।

वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्री कृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्री कृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्री कृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में यजमान सोहन साहु नेम बाई, हुमेन्द, टिलेश्वरी साहु, चन्द्रहास साहू, दीपिका साहू, तामेश्वर साहू भोज बाई, लक्की सहित ग्राम बीरेतरा पोड़ी की महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल होकर कथा का अमृत रसपान करते हुए पुण्य लाभ रहे हैं।





### सुदामा पेट के लिए नहीं , बल्कि आत्मा के लिए कर्म कर रहे थे

कथावाचक ने बताया कि यदि सुदामा दरिद्र होते तो उनके लिए धन की कोई कमी नहीं थी। सुदामा के पास विद्वता थी और धनार्जन तो सुदामा उससे भी कर सकते थे। मगर सुदामा पेट के लिए नहीं बल्कि आत्मा के लिए कर्म कर रहे थे। वे आत्म कल्याण के लिए उद्यत थे। उन्होंने कहा कि पत्नी के कहने पर सुदामा का द्वारिका आगमन और प्रभु द्वारा सुदामा के सत्कार पर श्री शर्मा ने कहा की यह व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का सतकार है, यह चित्त की नहीं चरित्र की पूजा है। सुदामा की निष्ठा और सुदामा के त्याग का सम्मान है। कथा वाचक शर्मा ने बताया कि मित्रता में बदले की भावना का स्थान नहीं होना चाहिए।

### कृष्ण व सुदामा की निकाली झांकी

इस दौरान कृष्ण रूखमणी, सुदामा व सुशीला की मनोहारी झांकी के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान कृष्ण के स्वरूप ने जैसे ही सुदामा बने स्वरूप के पैर धोए पांडाल में मौजूद श्रोता भावुक हो गए। कथा के दौरान भजनामृत की फुहार पर श्रोताओं का तन–मन झूम उठा।

# रेंगाडबरी में धूमधाम से मनाई गई भक्त गुहा निषाद जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में गुरुवार को केंवट निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद जयंती मनायी गई। समाज के बच्चों को भगवान राम, लक्ष्मण, सीता माता की झांकी के साथ कलश यात्रा निकालकर, रेंगाडबरी के गौरी मानस मंडली की महिलाओं द्वारा राम भजन करते हुए चौक चौराहे, गली मोहल्लों का भ्रमण कराया गया। बाजे-गाजे के साथ पटाखे फोड़कर बड़ी धूमधाम से गुहा जयंती मनाई गई। शाम को कलश सजावट प्रतियोगिता भी रखी गई। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 301 रूपए तनुजा निषाद ने, द्वितीय पुरस्कार 201नंदनी निषाद व तृतीय पुरस्कार 101 रूपए राखी निषाद ने प्राप्त किया। रात्रि में भोजन प्रसादी एवं भंडारा का कार्यक्रम रखा गया था, साथ ही साथ गुहा जयंती के उपलक्ष्य में जय मां सरस्वती मानस परिवार ग्राम भीमपुरी का रामायण कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रपाल तुमरेकी सरपंच, चंद्र प्रकाश सोनी उपसरपंच, निरंजन पडौटी अध्यक्ष आ.जा.सेवा सहकारी समिति रेंगाडबरी, जयेश जैन अध्यक्ष शा.उ.माध्य.रेगाडबरी, पाल सिंह यादव ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, चिंताराम विश्वकर्मा, रोहिदास निषाद, महेंद्र निषाद, शिवदयाल निषाद, विष्णु कोठारी, रघुनाथ निषाद, फगुवाराम निषाद ग्राम पटेल, बलिया निषाद, नेमन साहू, रामभुवन निषाद, जामबई निषाद, देवकी बाई निषाद, कयावती निषाद, हेमंत निषाद, शंकर निषाद सहित सभी सामाजिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह, सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर चंद्रवाल ने ली बैठक

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के अधिकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी कार्यालय प्रमुख अपने–अपने कार्यालयों में सुबह 07.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे एवं ध्वजारोहण के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा। संयुक्त जिला कार्यालय में सुबह 08 बजे कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में मुख्य कार्यकम स्थल में अपनी उपस्थिति देंगे। स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 09 बजे ध्वजारोहरण किया जाएगा। जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को शासन के निर्देशानुसार अपने–अपने अनुविभाग, तहसील एवं जनपद पंचायतों में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण कार्यकम के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद को बनाया गया है।

### अलग-अलग विभागों को दी गई जिम्मेदारी

जारी निर्देश के अनुसार गणतंत्र दिवस समारोह स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, शहीद परिवारों एवं आमंत्रित लोगों को निर्धारित स्थानों में बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला बालोद एवं पुलिस को दी गई है। इसी तरह परेड सलामी व्यवस्था, कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक बालोद को दी गई है। कार्यक्रम में ध्वजारोहण की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बालोद को दी गई है। समारोह स्थल पर आमंत्रित लोगों की बैठक, मंच निर्माण व्यवस्था, वीआईपी बैठक, वाटर प्रूफ शामियाना बैरिकेटिंग, परेड मैदान में अतिथि एवं गणमान्य नागरिक, प्रेस, स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार के लिए अलग–अलग सेक्टर निर्माण की व्यवस्था सहित अन्य जिम्मेदारियां विभिन्न विभाग के अधिकारियों को दी गई है।

# बिहान के कार्यों को समयावधि पर गुणवत्ता के साथ पूरा करें : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिपं सीईओ ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान

जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बिहान के सभी घटकों की समीक्षा करते हुए बिहान के कार्यों के निर्धारित समयावधि पर गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति के विस्तारपूर्वक निर्देश दिए। उन्होंने बिहान योजना में सीएलएफ के महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी क्लस्टर में भवन, ऑफिस सेटप, इंटरनेट की व्यवस्था एवं क्लस्टर कार्यालय प्रतिदिवस संचालित करने के निर्देश दिए।

डॉ. कन्नौजे ने वित्तीय समावेशन की समीक्षा करते हुए एफएलसीआरपी की समूह लोन के अलावा मुद्रा, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग से भी समूह सदस्यों को ऋण प्रदान के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ऋण की उपयोगिता आयमूलक गतिविधियों को बढ़ाने तथा प्रत्येक परिवार के आय को 01 लाख रूपये तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय साक्षरता कैम्प के नियमित आयोजन कर प्रदाय ऋण राशि के सुरक्षित निवेश के लिए समूह सदस्यों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने सामाजिक समावेशन के घटकों की समीक्षा करते हुए एसएचजी, वीओ एवं सीएलएफ के रजिस्टर लेखन एवं नियमित रूप से आंतरिक ऑडिट की समीक्षा की।


सीईओ ने संवहनीय कृषि के अंतर्गत नियुक्त कृषि सखियों, पशु सखियों को कतार विधि, श्रीविधि की खेती, जैविक खाद एवं दवाईयों के नियमित उपयोग, किचन गार्डन, सब्जी बाड़ी सहित कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों के उत्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने पशु सखियों को पशु एवं कुक्कुट पालन जैसे गतिविधियों को विस्तार देते हुए कृत्रिम गर्भाधान एवं टीकाकरण तथा पशु संगणना में सक्रिय सहयोग करने को कहा। बैठक में लखपति पहल के कार्यों को सफल बनाने एवं पंचायतों के शत–प्रतिशत परिवारों को लखपति श्रेणी में लाकर 'लखपति पंचायत' की मुहीम प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी दीप्ति मंडावी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नितेश साहू उपस्थित थे।



## सौगात : कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकारी की उपलब्धि गिनाई

# अंजोरा ख व थनौद में विधायक चंद्राकर ने रखी विकास कार्यों की आधारशिला






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) व थनौद में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विकास कार्यों की सौगात के तहत खोखमा तालाब सौंदर्यीकरण, आबादी क्षेत्र की विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण लागत 4.30 लाख, पंचायत भवन के पास पेवर ब्लॉक कार्य लागत 3.60 लाख, उड़िया बस्ती सार्वजनिक भवन के पास कला मंच पर छत ढलाई लागत 2 लाख, तथा सार्वजनिक मंच में डोम शेड निर्माण लागत 10 लाख, शिवाजी चौक से सतनामी मोहल्ला तक सीसी रोड निर्माण लागत 10 लाख, शीतला मंदिर से डुबान बाट नदी किनारे तक नाली निर्माण कार्य लागत 2.90 लाख का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है। इसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले एक साल में हमारी विष्णु देव सायं सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है। इस साल छत्तीसगढ़ में धान की फसल अच्छी हुई है। 3100 रुपए क्विंटल के दाम से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है। इस साल किसानों के घरों में रिकॉर्ड पैसा आने वाला है। अभी किसानों को धान के समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है, शीघ्र ही उनके खातों में अंतर की राशि भी भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में सभी आवासहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है। उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ को 4 लाख नए आवास के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा नये सर्वे में अब हितग्राहियों की मासिक आय सीमा बढ़ाकर 15 हजार कर दी गई है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच संगीता माखन साहू, पूर्व अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सभापति राकेश हिरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष तीरथ यादव, मदन देशमुख, छगन यादव, नन्द कुमार यादव, लेखराम साहू, जागेश्वरी देशमुख, उपसरपंच डील्लेश्वरी देशमुख, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, दिलीप देशमुख, टेक सिंह साहू, गिरधारी लाल निषाद सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों ने लिया राष्ट्रीय स्तरीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पीएम स्टेट प्रोजेक्ट और समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के सहयोग से प्राथमिक शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वित करने और प्रदेश के तमाम शिक्षकों को इस कार्यक्रम में पार्टिसिपेंट करने के लिए हम आशीष गौतम राज्य कार्यक्रम समन्वयक पीएमश्री छत्तीसगढ़ आभार व्यक्त करते हैं।

इस कार्यशाला में 103 शिक्षकों को प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया। नेशनल लेवल कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम आईआईएसई आर पुणे में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. एम.एस. संथानम (डीन, इंटरनेशनल रिलेशंस एंड आउटरीच), आशीष गौतम पीएमश्री कोऑर्डिनेटर, विजय रंजन प्रोग्रामर, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, प्रो. देवप्रिया चट्टोपाध्याय एसोसिएट डीन द्वारा किया गया। सभी शिक्षकों को गणित एवं विज्ञान को सरल विधि से टीएलएम के माध्यम से बताया गया। सभी शिक्षकों को गणित एवं विज्ञान कीट प्रदान किया गया। सभी लैबों का अवलोकन कराया गया, जो हमारे शिक्षक साथियों के लिए अद्भुत था। सभी शिक्षकों ने पिंपरी-चिंचवड साइंस पार्क का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में दुर्ग जिले के पीएमश्री स्कूल विनायकपुर की प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रमाण पत्र वितरण प्रो. सुनील भागवत, डॉ. अपर्णा देशपांडे, दुर्ग संभाग के प्रभारी सुब्बा नायडू, दुर्गेश पाण्डेय द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### कंवर में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरूर।** ग्राम कंवर में युवा साथियों द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू थे, अध्यक्षता भाजपा मण्डल पुरुर के मण्डल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे ने की। विशेष अतिथि महामंत्री युवा मोर्चा मण्डल गुरुर अजेंद्र साहू के साथ ग्रामीण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

### तामेश्वरी ने लिया रजोली समिति अध्यक्ष का प्रभार



**बालोद/कलंगपुर।** सेवा सहकारी समिति रजोली का प्राधिकृत अध्यक्ष पद पर खुटेरी निवासी तामेश्वरी साहू को चुना गया। शासन की ओर से अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद तामेश्वरी साहू को प्रबंधक मुकेश कुमार देशलहरा द्वारा पदभार सौंपा गया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात साहू ने कहा कि समिति के पदाधिकारियों से सामंजस्य बनाकर किसानों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष देवनारायण सिन्हा, बुधारु राम साहू, ताम्रध्वज साहू, पोषण साहू, गुलाब सिंह, भीखम साहू, उदेराम ठाकुर, ताम्रध्वज चन्द्राकर, भोलाराम साहू, दुलेश निर्मल रीझन चन्द्राकर, कनक साहू, हीरालाल चन्द्राकर, लोमश सहित किसान लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पार्षद चुनाव की तैयारी दावेदारों से की गई चर्चा



**बालोद।** पार्षद पद के लिए दावेदारी को लेकर वार्ड नंबर 19 हनुमान मंदिर परिसर में बैठक आहूत की गई। इस बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र देशमुख, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, शहर सोशल मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, बूथ अध्यक्ष मनोज चांडक व वार्ड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 19 जो की ओबीसी महिला आरक्षित वार्ड घोषित हुआ है, वार्ड से 6 महिलाओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। श्यामा यादव, दुलारी साहू, ममता सोनकर, पूजा सोनी, अनुसूया देवी साव और संगीता साहू से आए हुए पर्यवेक्षकों ने बारी–बारी से सभी को समय देते हुए मुलाकात की और वार्ड के विषय में जानकारी ली। दावेदारों ने भी वार्ड के विषय में अपनी बात रखी, 80 से अधिक वार्डवासी इस बैठक में शामिल हुए।

### रसमड़ा में मानसगान सम्मेलन आज से

**अंडा।** ग्राम रसमड़ा में 18 एवं 19 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान एवं रामधुनी सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत महंत धर्मेन्द्र दास वैष्णव करेंगे।

## संभावित व इच्छुक उम्मीदवारों के नाम की सूची भेजने कांग्रेस ने तय किए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में जनपद व जिला स्तरीय प्रत्याशी चयन के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संभावित एवं इच्छुक उम्मीदवारों के नाम की सूची कार्यालय में प्रेषित करने के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू द्वारा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र ग्राम सोरर व छेड़िया के लिए ओंकार महमल्ला, नारद राम साहू, एसकुमार कलिहारी, मनोज साहू, यशवंतपुरी गोस्वामी को प्रभारी बनाया गया है। टेंगना बरपारा के लिए दुर्गुराम सिन्हा, पालसिंह भुआर्य, बल्लाराम कुंजाम, पारख साहू को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम सुर्रा व भानपुरी के साथ धनेली व कोचेरा के लिए सुमीत राजपुत, डेहर सिंह, राजश्री क्षत्रिय, खिलेश्वर केहरी, चन्द्रप्रकाश साहू को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम बोड़रा बासीन

■ ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर ने जारी की प्रभारियों की सूची

के साथ भोथली व मोहारा के लिए संजय चौधरी, यादेश्वर क्षत्रिय, लालखान, यशवंतपुरी गोस्वामी, मीना साहू को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम अरमरीकला, पड़कीभाठ, सनौद के लिए धनुष साहू, तोषण साहू, चोवाराम, ओमप्रकाश साहू को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम अरकार, हसदा, देवकोट, भिराई, पलारी के लिए बसंत सोनबेर, तीर्थशंकर साहू, शिव सिन्हा को बनाया गया है। ग्राम कंवर, पेण्डरवानी, फागुनदाह, पेरपार के लिए केदार देवांगन, यशवंत गंजीर, सरस्वती धिरपाल चन्द्राकर, चितर सिंह, यशवंत गंजीर को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम मिर्रीटोला, भर्रीगांव, बोरिद, चंदनबिरही, चिटौद के लिए प्रभात धुर्वे, दीनाराम चेलक, भगवान दास, गिरधारी देवांगन, रमेश सिन्हा को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम बालोदगहन, भेजा, कनेरी, कुलिया के लिए जितेन्द्र यादव, खिलुयादव, महेश पटेल, उमर अली को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम कोलिहामार, मोखा, ठेकवाडीह, दुर्रा, दुपचेरा, खुंदनी के लिए टोमन लाल साहू, नंदकुमार साहू, केसु साहू, मोनू ठाकुर, एसकुमार कलिहारी, ठाकुर राम पटेल, महेश पटेल, गुलेन्द्र कतलाम को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम नारागांव, धानापुरी के लिए पालसिंह भुआर्य, बल्ला कुंजाम, दुर्गुराम सिन्हा, तुलेश सिन्हा को प्रभारी बनाया गया है।

## सुरेगांव व बड़गांव में ऋण वसूली शिविर 20 को

**बालोद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद द्वारा ऋण वसूली शिविर का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेवा सहकारी समिति सुरेगांव एवं बड़गांव में 20 जनवरी को ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि 20 जनवरी को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति सुरेगांव में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 01 बजे तथा सेवा सहकारी समिति बड़गांव में दोपहर 02 बजे से शाम 04 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित ऋणी, जमानतदार कृषकों को ऋण वसूली शिविर में उपस्थिति होने को कहा है।

## स्वच्छता दीदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा गुरूर नगर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। पिछले 1 वर्ष में निकाय के 15 वार्डों में कुल 280 स्वास्थ्य कैंप लगाए गए, जिनमें 28088 हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई का वितरण किया गया।

विदित हो कि स्वच्छता के क्षेत्र में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन समय समय पर किया जा रहा है। निकाय में 10 स्वच्छता दीदी एवं सफाई मित्र कार्यरत हैं, जो प्रतिदिन घरों से कचरा संकलन का कार्य व नगर में साफ-सफाई का कार्य करते हैं। उनका समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होता है। योजना अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण सुविधा आम नागरिकों को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

इस अवसर पर मोबाईल मेडिकल यूनिट के डॉक्टर अजय जांगड़े, एएनएम नौशीन खान, फार्मा कामिनी, लैब टेकनिशियन हेमशंकर साहू, एपीएम संदीप वर्मा, ड्राईवर प्रेमलाल ठाकुर, स्टॉफ सहित निकाय के स्वच्छता दीदीयां, सफाई मित्र एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## डौंडीलोहारा में धूमधाम से मनाई गई देव मड़ई



**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा देव मड़ई के उपलक्ष्य में नगर विकास समिति व युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के तत्वावधान में रंग सरोवर गरियाबंद (बारुकी) का कार्यक्रम लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम में रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम के निज सचिव तुलसी कौशिक थे, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने की। विशेष अतिथि युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, हरीश कटझरे, स्वाधीन जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम समिति के संरक्षक लाल कौशल सिंह टेकाम, अध्यक्ष गौकरण सिन्हा, गुरुदयाल कोसमा, दयालू कोसमा, अशोक सिंह, देवपंच अशोक चनाप, तिलक यादव, दसरू राम, बलराम यादव, मणि राम बघेल, हीरा छेदाम, अर्जुन कोसमा, थनेश्वर यादव, लौंग उइके, राम कुमार यादव, शिवचरण सिन्हा, धनी पटेल, अनुज पटेल, शत्रुघन भुआर्य, धनी सिन्हा एवं स्थानीय बैगा सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## पालिका अध्यक्ष समेत 20 वार्डों में भाजपा ने जीत के लिए कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को देखते हुए बालोद नगर पालिका के प्रभारी वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन बैठक लेने बालोद पहुँचे। सर्वप्रथम उन्होंने गंगा मैया मंदिर पहुँचकर आशीर्वाद लिया। वहाँ से कार्यकर्ताओं के साथ रैली के माध्यम संजारी क्लब स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यर्पण करते हुए कुर्मी भवन पहुंचे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री सेन ने कहा कि आगामी दिनों में नगरीय निकाय चुनाव होना है, आप सभी कमर कस लीजिए, इस बार हमें किसी भी स्थिति में बालोद की नगर पालिका अध्यक्ष सीट के साथ ही पूरे के पूरे 20 वार्डों को जीतना है। उन्होंने अपना अनुभव भी कार्यकर्ताओं से साझा किया और बताया कि कैसे वो हर बार जहाँ से चुनाव लड़े वहां से जीते। उन्होंने कहा कि आप हमेशा जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहिये, आपको चुनाव जीतने से कोई नहीं रोक सकता है।

### दावेदारी का अधिकार सभी को पर पार्टी जिसे टिकट दे, उसे जिताना है : देशमुख

भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि हमें इस बार बालोद पालिका में कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि अनेक दावेदार हैं। दावेदारी करने का अधिकार सबको है, पर पार्टी जिसके नाम पर मुहर लगाकर प्रत्याशी बनाए, आप सबको मिलकर एक साथ दमदारी से चुनाव लड़ना है और भाजपा का कमल खिलाना है।





### चुनाव कोई भी लड़े, हमें भाजपा को जिताने के लिए काम करना है : यादव

भाजपा नेता राकेश यादव ने कहा कि पार्षद या अध्यक्ष का चुनाव कौन लड़ेगा वह गौण है, हमें कमल फूल के लिए काम करना है, उन्होंने बताया कि भाजपा को पालिका में जिताओ, विकास कार्यों की कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अभी 4 करोड़ का कार्य बालोद पालिका क्षेत्र के लिए हम लाए हैं, आगे भी लाएंगे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी चुनाव में आपकी भूमिका अहम होनी चहिए, समय कम है, अभी से कमर कस के तैयार हो जाइए।

### ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की जवाबदेही हम सब कार्यकर्ताओं की : चोपड़ा

बैठक में मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कहा कि हमें ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है, बालोद नगर पालिका में अगर भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनता है, तो आने वाले समय में बालोद विकसित शहर में गिना जाएगा, क्योंकि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और यह ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की जवाबदेही हम सब कार्यकर्ताओं की है। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी व आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री संतोष कौशिक ने किया। बैठक में वैशाली नगर विधायक चुनाव प्रभारी रिकेश सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन साहू, रमन टुवानी, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, अल्पसंख्यक प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, भाजपा नेत्री प्रतिभा चौधरी, जिला मंत्री शरद ठाकुर, अम्बिका यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नाव में बिठाकर श्री राम, सीता व लक्ष्मण को कराया पार

# सिवनी में भक्त गुहा निषाद राज जयंती पर निकाली शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरूवार को सिवनी स्थित तांदुला जलाशय के तट पर 53 गांव के क्षेत्रीय निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज जयंती मनाई गई। तांदुला नदी तट सिवनी में स्थापित श्रीराम जानकी मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान श्री राम व माता सीता एवं श्री लक्ष्मण जी का स्वरूप नाव में बैठकर गंगा पार कराया गया। उसके बाद शोभायात्रा निकाली गई और एक जोड़ी का विवाह कराया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम समाज द्वारा सुबह समाज की महिलाएं रामघाट से कार्यक्रम स्थल तक शोभायात्रा में सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा निकाली गई। पुरूष गाजे बाजे के सामने पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे। इस कार्यक्रम के दौरान एक जोड़े का विवाह संपन्न हुआ, जिसमे समाज द्वारा पूरे रीति रिवाज से शादी संपन्न कराया गया। इस दौरान अतिथि के रुप में पहुंची विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि गुहा निषाद राज जी भगवान प्रभु श्री रामचंद्र जी के चरण धोकर अपने नाव में बैठाकर गंगा पार कराया, निषाद समाज आज उसी का फल स्वरूप गुहा निषाद राज जयंती मनाते आ रहे है। वही श्रीराम जानकी मंदिर के सामने लगभग 15 लाख की लागत से टीन शेड निर्माण का सौगात विधायक ने निषाद समाज को दी है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा मंदिर परिसर से लगे हुए तांदुला नदी पर पचरीकरण करने व सामाज को खेल सामग्री प्रदान करने की सौगात दी है। कार्यक्रम में निषाद समाज के कार्यकर्ता खिलावन निषाद, जीवन, करण, रमेश, संतानु निषाद, तुलसी राम निषाद, संतराम निषाद उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025,
23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशिः-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport